Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B^+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Cultural Committee

PPU Inter College Dance Competition

21.02.2023

अन्तर महाविद्यालय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

'संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक सहभागिता जरूरी

-प्रो. आर. के. सिंह
कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय

छात्र-छात्राओं के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास केवल शिक्षा से नहीं हो सकता, इसके लिए सांस्कृतिकगतिविधियों सहित अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस दृष्टि से पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का यह अन्तरमहाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन महत्वपूर्ण है।ये कहना है पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर. के. सिंह का। वे 21.02.2023 को श्री अरविन्द महिलाकॉलेज में आयोजित अन्तर महाविद्यालय नृत्य प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए समारोह को संबोधित कर रहे थे। कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि छात्राओं को हार-जीत की भावना से अलग खेल भावना से ही ऐसे आयोजनों में भाग लेते हुए अपनीप्रतिभा के निरंतर निखारने पर ध्यान देना चाहिए।

आरंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉलेज की प्राचार्या प्रो. पूनम ने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर परअन्तर महाविद्यालय सांस्कृतिक (नृत्य) प्रतियोगिता

संपन्न कराने की जिम्मेवारी हमारे कॉलेज को देने के लिए मैं पूरे कॉलेज परिवारकी ओर से कुलपति प्रो. आर. के सिंह को धन्यवाद देते हुए कहना चाहती हूँ कि सांस्कृतिक विविधता में समन्वय के द्वारा सद्भावउत्पन्न करने का पर्व है, इसलिए इस पर्व को निर्मल मन से मनाना चाहिए। नृत्य शारीरिक एवं मानसिक तौर पर सुदृढ़ करते हुएआनन्द प्रदान करता है।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध नृत्यांगना नीलम चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि जीवन में नृत्य को शामिलकर सफलता की किसी भी चोटी पर जीत हासिल की जा सकती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्षप्रो. ए. के. नाग ने भी अपनी बातें रखी। समारोह का संचालन हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉ. शिवनारायण सिंह ने किया।नृत्य प्रतियोगिता में ए. एन. कॉलेज, जे. डी. वीमेंस कॉलेज, नालन्दा कॉलेज, श्री अरविन्द महिला कॉलेज सहितकुल 18 कॉलेजों की छात्राओं ने अपनी-अपनी भागीदारी प्रस्तुत की. कॉलेजों ने समूह लोकनृत्य, एकल एवं समूह नृत्य, कत्थक, भरतनट्यम एवं अन्य शास्त्रीय नृत्य कोटि के तहत प्रस्तुतियां दी। नृत्य प्रतियोगिता में 18 कॉलेजों की 154 प्रतिभागियों ने हिस्सेदारीदी।

शाम 7 बजे तक प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद निर्णायकों द्वारा परिणाम की घोषणा की गई, जिसके अनुसारसोलो नृत्य कथक समूह में बी. एस कॉलेज की सुविज्ञा को प्रथम, आर. के. डी कॉलेज की आंचल मेहता को द्वितीय तथा नेहा एवंवर्षा कुमारी को संयुक्त रुप से तृतीय घोषित किया गया। समूह लोकनृत्य में श्री अरविन्द महिला कॉलेज को प्रथम, गंगा देवीकॉलेज को द्वितीय एवं टी. पी. एस कॉलेज तथा आर. के. डी कॉलेज को संयुक्त रूप से तृतीय घोषित किया गया। भरतनट्यम नृत्यसमूह में बिहार इंस्टीच्यूट आफ ला की छात्रा एंजल

परिहार को प्रथम, श्री अरविन्द महिला कॉलेज की छात्रा हैप्पी को द्वितीय एवं ए. एन.

कॉलेज की राधा को तृतीय घोषित किया गया।

निर्णायकों में प्रसिद्ध नृत्यांगना डॉ० नीतु कुमारी नूतन एवं अर्चना चौधरी थी. अन्त में धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज सांस्कृतिकसमिति की संयोजक डा. प्रभा मिश्रा ने किया। जबकि डॉ. पुष्पा राय, डॉ. नोरा निवेदिता शॉ, डॉ. अनुमाला सिंह, डॉ. नीलिमा आदिने भी सक्रिय सहयोग किया

POCO M4 PRO
21/02/2023 19:15

POCO M4 PRO
21/02/2023 19:15

Infinix HOT 11